
# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 29 September 2026


# आमिर खान की 'सितारे जमीन पर' का सुधा मूर्ति ने दिया पहला रिव्यू, बताया कैसी है फिल्म।


Publisher


Published on 10 Jun 2025


## स्पेशल स्क्रीनिंग मे सुधा मूर्ति ने सराहा फिल्म का मैसेज, बताया इंस्पिरेशनल और दिल को छू लेने वाली।

**मुंबई : आमिर खान** एक बार फिर अपनी नई फिल्म '**सितारे जमीन पर**' के जरिए दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म 2007 की क्लासिक '**तारे जमीन पर**' का स्पिरिचुअल सीक्वल मानी जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले हाल ही में इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई थी, जिसमें **सोशल वर्कर** और **राइटर सुधा मूर्ति** शामिल हुईं। उन्होंने फिल्म का पहला रिव्यू देते हुए जमकर तारीफ की है।

**सुधा मूर्ति का पहला रिव्यू**

फिल्म देखने के बाद सुधा मूर्ति ने कहा, "यह एक बेहद अहम सामाजिक विषय को बड़े ही खूबसूरत और दिल को छू लेने वाले अंदाज में पेश करती है। फिल्म इंस्पिरेशनल है और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है।"

उन्होंने आगे कहा, "ज्यादातर लोग ऐसे बच्चों को ठीक से नहीं समझ पाते। फिल्म यह दिखाती है कि असल में 'नॉर्मल' क्या होता है, यह खुद एक बड़ा सवाल है। ऐसे बच्चे बहुत भावुक होते हैं और उनका दिल बेहद साफ होता है। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।"

**सुधा मूर्ति ने क्या कहा ?**

"**फिल्म आंखे खोलने वाली है**।"

**“ऐसे बच्चों को नीचा दिखाने की बजाय, प्यार और समझ से पेश आना चाहिए।”**
**“फिल्म सोच मे बंदलाव लाने वाली है।”**

### फिल्म मे नंजर आएंगे 10 नए राइजिंग स्टार्स

‘**सितारे जमीन पर**‘ में आमिर खान के साथ 10 नए युवा कलाकार नजर आएंगे, जिनमें शामिल हैं:
**अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेडंसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर**।

इस फिल्म का **निर्देशन आर. एस. प्रसन्ना** ने किया है, जो इससे पहले ‘**शुभ मंगल सावधान**‘ जैसी सफल फिल्म बना चुके हैं।

### 20 जून को सिनेमाघरों मे होंगी रिलीज

‘**सितारे जमीन पर**‘ को **आमिर खान प्रोडक्शंस** के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म में **आमिर खान** और **जेनेलिया देशमुख** लीड रोल में नजर आएंगे। इसके गीत **अमिताभ भट्टाचार्य** ने लिखे हैं, **संगीत शंकर-एहसान-लॉय** ने दिया है।
स्क्रीनप्ले दिव्य **निधि शर्मा** ने लिखा है। फिल्म के **निर्माता आमिर खान, अपर्णा पुरोहित** और **रवि भागचंदका** हैं।
**20 जून 2025** को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### क्या है फिल्म की कहानी ?

फिल्म एक ऐसी कहानी को पेश करती है, जो बच्चों की **मानसिक** और **भावनात्मक दुनिया** को बेहद संवेदनशील तरीके से दिखाती है। यह दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करेगी कि हर बच्चे की अपनी खूबसूरती होती है, जिसे पहचानना और संवारना जरूरी है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.